दैनिक जागरण 17/12/2023

एड्स जागरूकता पर निकाली रैली

जागरूकता रैली के दौरान जीएमएन कालेज के विद्यार्थी। ● सौजन्य विज्ञप्ति

जागरण संवाददाता, अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज अंबाला छावनी के द्वारा प्राचार्य डा. रोहित दत्त की अध्यक्षता मे राजनीतिक विज्ञान के विभागाध्यक्ष डा. एसएस नैन के नेतृत्व में एड्स जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

प्राचार्य ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि किसी भी सामाजिक बुराई को समाप्त करने के लिए जागरूकता का होना आवश्यक है, इसलिए हम सबकी यह संयुक्त जिम्मेदारी है कि एड्स जैसी बीमारी के प्रति हम स्वयं जागरूक हो और समाज को इसके प्रति जागरूक करें। इस अवसर पर डा. राकेश कुमार, डा. सरोज बाला, डा. तृप्ति शर्मा, लवप्रीत सिंह आदि मौजूद रहे।